## कोयलांचल में एक माह में दस बच्चों की मौत से फैली दहशत, बच्चों के परिजनों में अफरातफरी, सीएम ने लिया संज्ञान

# एक और मासूम जिंदगी की जंग हारा, मौत का आंकड़ा 10

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा (मनीष गड़करी )

पिछले बीस दिनों में छिंदवाड़ा के कोयलांचल में बच्चों में मौत का तांडव चल रहा है। दस मासूमों की जिंदगी छींनने के बाद भी कारण अज्ञात ही है। प्रशासन सिर्फ कयास ही लगा रहा है। बीमार बच्चों के माता पिता दशहत में है। कोयलांचल में पैर पसार रही यह बीमारी धीरे धीरे करके कई मासूमों को अपने आगोश में लेने के लिए तैयार है और कटघरे में खड़ा है प्रशासन। मासूमों की मौत का गुनाहगार कौन है। क्या सच्चाई पर पर्दा डाला जा रहा है। या फिर मौत के कारणों का सिर्फ अंदाज लगाया जा रहा है। कारण अभी भी हकीकत से दूर है। पूरा प्रशासन मुस्तैदी से काम तो लगा है परंतु उपलब्धि के नाम पर हाथ में कुछ भी नहीं है। सभी बच्चों की मौत एक कफ सिरप को वजह मानकर बैन करने की कार्यवाही की गई है। बिना जांच सिरप पर ही ठीकरा फोड़ना कितना उचित है। बच्चों की केस स्टडी से यह निष्कर्ष निकाला गया है कि कोल्ड्रिफ और नेक्ट्रा डीएस बीमारी की वजह हो सकती है जिसको प्रशासन ने बैन किया है और मेडिकल स्टोर में उपलब्ध सारा स्टॉक वापस किया जा रहा है। सवाल फिर भी वहीं है कि मौत का असली कारण क्या यह सिरप ही है। अगर हाँ तो फिर सिरप बैन के बाद भी मौत का तांडव क्यों नहीं थमा और अगर कारण यह सिरप नहीं है तो फिर प्रशासन कारण ढूंढने में अब तक नाकाम क्यों? सवाल तो बहुत है परंतु उन दस परिवारों का क्या होगा जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खोकर अपना सब कुछ लुटा दिया। दरअसल पिछले दिनों कोयलांचल में जो हुआ वह एक स्वास्थ्य संकट ही नहीं बल्कि हमारे सिस्टम की सामूहिक विफलता का शर्मनाक दस्तावेज है जिसके कारण दस मासूमों की सांसें किडनी फैल होने से थम गई और कई मासूम नागपुर और छिंदवाड़ा के अलग अलग अस्पतालों में जिंदगी की जंग लड़ रहे है और उनके साथ लड़ रहा है उनका परिवार। मासूमों की जिंदगी के साथ परिवार की जिंदगी सपने, पैसा और धैर्य सब कुछ दांव पर लगा है। मौत का आंकड़ा बढ़ने से बीमार मासूमों के परिजनों की धड़कने भी तेज हो रही है। पांच साल का अदनान, चार साल का विकास, पांच साल की योगिता ये सिर्फ माता पिता का जीवन ही नहीं उनके परिजन का संसार थे। जिनके घरों में आज भयावह सन्नाटा पसरा हुआ है और शासन प्रशासन जांच रिपोर्ट कार्यवाही के नाम पर कारणों पर पर्दा डालने का प्रयास में लगा है। अगर बाजार में कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रॉस डीएस सिरप उपलब्ध थे। तब क्या हमारा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग आंख में पट्टी बांधे बैठा था। पहली मौत के बाद ही अगर प्रशासन सही तरीके से सजग होकर काम करता तो मौत का यह आंकड़ा दस तक नहीं पहुंचता। यह खबर पाठक तक पहुंचने तक और कितने मासूम की जिंदगी खतरे में आ सकती है कुछ भी नहीं कहा जा सकता। मौत का कारण आज भी अज्ञात है। कयासों से मौत को थामना संभव नहीं है। शासन प्रशासन को वैज्ञानिकों को, जांच टीमों को वाजिब कारण तलाश कर उस पर काम करने की बेहद आवश्यकता है। नहीं तो कल फिर दिल दहला देने वाली कोई बात सुनने में आ सकती है, इस बात से तो इंकार नहीं किया जा सकता।







अदनान खान पिता अमीन खान
मृत्यु 7 सितंबर 2025



हेतांश सोनी उमरेठ
उम्र पांच वर्ष

## बड़कुही की मासूम योगिता भी हुई बेनाम बीमारी की शिकार

## कफ सिरप से गई इन बच्चों की जान

| नाम | उम्र | पता |
|---|---|---|
| दिव्यांश | 7 वर्ष | इुड्डी |
| अदनान | 5 वर्ष | न्यूटनिखली |
| हेतांश | 5 वर्ष | उमरेठ |
| उसैद | 4 वर्ष | परासिया |
| श्रेया | 18 माह | परासिया |
| विकास | 4 वर्ष | दीघावानी |
| योगिता | 5 वर्ष | बोरिया |
| संध्या | 15 माह | परासिया |
| चंचलेश | ------- | गायगोहान |
| योगिता | पांच वर्ष | बड़कुही |



विशेष जांच दल द्वारा जांच जारी है। जांच अधिकारियों के दल में स्वप्निल सिंह बालाघाट, औषधि अधिकारी गौरव शर्मा छिंदवाड़ा और पुष्पेंद्र पांडे कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा जांच की जा रही है। शनिवार को जांच दल कोयलांचल के अलग अलग क्षेत्रों में पहुंचकर कारण जानने में जुटा है।

## मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, मृतक के परिजनों को चार लाख की घोषणा, निशुल्क इलाज भी कराएगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रिफ कप सिरप के कारण बच्चों की हुई मृत्यु अत्यंत दुखद है। कोल्ड्रिफ कप सिरप की जाँच रिपोर्ट आने पर मध्यप्रदेश में इस सिरप की बिक्री को पूर्णता प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रदेश में अभियान के तौर पर छापामारी कर कोल्ड्रिफ सिरप को जप्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में इस सिरप के कारण जिन 11 बच्चों को मृत्यु हुई है, उनके परिजन को 4-4 लाख रूपये आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। साथ ही उपचाररत बच्चों के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी।

### जाँच नमूने पाये गये अमान्य, सिरप में कैमिकल की संभावना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा की घटना संज्ञान में आने पर कोल्ड्रिफ सिरप के सैम्पल जाँच के लिए भेज गये थे। शनिवार की सुबह जाँच रिपोर्ट में पाया गया कि जाँच नमूने अमान्य पाये गये है। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कोल्ड्रिफ सिरप के विक्रय को पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य स्तर पर भी इस मामले में संयुक्त जाँच टीम बनाई गई है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

### जाँच में पाई गई 48.6% डाइएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा

तमिलनाडु के औषधि नियंत्रक, द्वारा कोल्ड्रिफ सिरप को "नॉट ऑफ़ स्टैण्डर्ड क्वालिटी(एनएसक्यू)" घोषित किया गया है। शासकीय औषधि विश्लेषक, औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, चेन्नई के परीक्षण अनुसार इस सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा पाई गई 48.6% पाई गई है, जो एक जहरीला तत्व है और स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है। जिला छिंदवाड़ा से बच्चों की मृत्यु की घटनाओं की पृष्ठभूमि में इस औषधि की संदिग्ध भूमिका को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में कठोर कदम उठाए गए हैं। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. दिनेश कुमार मौर्य ने प्रदेश के समस्त वरिष्ठ औषधि निरीक्षक एवं औषधि निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दवा का विक्रय एवं वितरण तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। यदि यह दवा उपलब्ध हो तो इसे तुरंत सील कर लिया जाए तथा नष्ट नहीं किया जाए, जैसा कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 और नियमों में प्रावधान है। संबंधित औषधि के नमूने संकलित कर परीक्षण हेतु शासकीय औषधि प्रयोगशालाओं को भेजे जाएं। कोल्ड्रिफ सिरप के अन्य बैचेस भी यदि उपलब्ध हों तो उन्हें भी सील कर नमूने परीक्षण हेतु भेजे जाएं। जनहित को देखते हुए मेसर्स स्रेसन (**Sresan**) फार्मास्यूटिकल द्वारा निर्मित सभी अन्य औषधियों की बिक्री एवं उपयोग भी तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है और इनके नमूने कानूनी परीक्षण हेतु संकलित किए जा रहे हैं। साथ ही प्रदेश में इस दवा की आवाजाही पर सख्त निगरानी के निर्देश हैं।




## अब तक एक भी बच्चे का नहीं हुआ पोस्टमार्टम

परासिया विकासखंड में किडनी इन्फेक्शन से अब तक 10 बच्चों की मौत हो चुकी है। इस गंभीर मामले में बड़ा खुलासा यह हुआ है कि मृत बच्चों का पोस्टमार्टम अब तक नहीं किया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट के जांच कैसे आगे बढ़ेगी। **एसडीएम का बयान** – परिजनों ने पीएम से किया इनकार परासिया एसडीएम एवं आईएएस अधिकारी शुभम कुमार यादव ने बताया कि परासिया क्षेत्र में 9 बच्चों की मौत हुई है, वहीं 13 बच्चे नागपुर के अस्पताल में भर्ती हैं और तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सीधे नागपुर में इलाज कराया गया, ऐसे मामलों में परिजन पोस्टमार्टम से कतराते हैं। प्रशासन और परिजनों के बीच समन्वय की कमी के चलते किसी भी बच्चे का पीएम नहीं हो पाया। दो सिरप पर लगाया गया बैन प्रशासन ने शुरुआती जांच के आधार पर दो सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी है। बताया जा रहा है कि जिन 6 बच्चों को ये सिरप पिलाए गए थे, उनमें गंभीर लक्षण सामने आए। सुरक्षा की दृष्टि से फिलहाल इन सिरप की बिक्री बंद कर दी गई है और विस्तृत जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुणे लैब में भेजे गए सैंपल एसडीएम ने जानकारी दी कि पानी, मच्छर और अन्य संदिग्ध स्रोतों के सैंपल पुणे लैब में जांच के लिए भेजे गए थे, जिनमें किसी बड़ी समस्या की पुष्टि नहीं हुई। लेकिन बच्चों की स्थिति को देखते हुए दवाओं पर बैन लगाया गया है। परासिया में वर्षों से बिक रहे थे ये सिरप एसडीएम शुभम कुमार यादव ने बताया कि यह सिरप डॉक्टरों की पर्चियों पर लंबे समय से लिखा जा रहा था और मेडिकल दुकानों में भी उपलब्ध था। संभव है कि किसी खास लॉट में समस्या आई हो। इससे पहले 2022 में भी देश के अन्य हिस्सों में ऐसी ही समस्या सामने आई थी। छिंदवाड़ा के परासिया क्षेत्र में हो रही किडनी फेलियर से हो रही मौत के मामले में यह बात निकाल कर सामने आई है कि अभी तक नौ बच्चों की मौत हो चुकी है 13बच्चे में से एक ठीक हो गया चार बच्चों का इलाज जिला अस्पताल छिंदवाड़ा में चल रहा है जिसमें में से दो की हालत नाजुक बनी हुई है 8 बच्चों का इलाज नागपुर में चल रहा है जिसमें से तीन बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है वही परासिया क्षेत्र में ड्रग इंस्पेक्टर की टीम पहुंची हुई है जो जांच कर रही है। खाजरी अंतू निवासी बच्ची संध्या के पिता रसीद बोसम ने बताया कि मेरी 14माह की बेटी को सर्दी खांसी की परेशानी हो रही थी मेरी पत्नी परासिया के प्रवीण सोनी की क्लीनिक में लेकर गई थी जहां उन्होंने दो सिरप पर्ची में लिखे थे उसने बाजू वाले मेडिकल से खरीदे थे 4 दिन में सर्दी खांसी तो ठीक हो गई मगर एक-दो दिन बाद उसकी यूरिन रुक गई फिर हम डॉक्टर प्रवीण सोनी के पास गए तो उन्होंने छिंदवाड़ा रेफर कर दिया छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में तीन दिन इलाज चला आराम नहीं लगा तो फिर नागपुर रेफर कर दिया नागपुर में दो दिन इलाज के बाद 1 तारीख को मेरी बेटी की मौत हो गई नागपुर में डॉक्टरों ने किडनी में इन्फेक्शन बताया था।

## पूर्व सीएम कमलनाथ ने मासूमों की मौत पर उठाए सवाल, विधायक बाल्मीक ने एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स में शिफ्ट करने की मांग



पूर्व सीएम कमलनाथ ने एक्स पर लिखा है कि यह जानकर स्तब्ध हूं कि बच्चों की दवा में ब्रेक ऑयल जैसे जहरीले साल्वेंट का उपयोग हो रहा है। यह बेहद चिंता की बात है। यह घटना प्रदेश में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक विफलता को उजागर करती है। आज सरकार से मांग करता हूं कि प्रदेश में बिक रही सभी दवाओं की जांच कराई और खाने पीने की वस्तुओं पर भी सख्त निगरानी रखी जाए।



वहीं बच्चों की मौत के बाद सोहन बाल्मिक विधायक की मांग (ऐयर एंबुलेंस )से पीड़ित बच्चों को एम्स दिल्ली शिफ्ट करें सरकार। नवनियुक्त कलेक्टर हरनारायण ने ज्वाइन करने के 2 घंटे में हेल्थ डिपार्टमेंट की बैठक बुलाई। परासिया विधायक सोहन बाल्मिक ने आरोप लगाया के सरकार के स्वास्थ्य मंत्री क्लीन चिट दे रहे हैं। यह गंभीर मामला है। अज्ञात बीमारी से पीड़ित भरती बच्चे को उचित इलाज और मुआवजा अब तक नहीं मिल पा रहा है। विधायक सोहन बाल्मिक ने कहां सरकार से मांग करता हूं कि एयर एंबुलेंस एवं मृतक बच्चों के परिजनों को 10-10 लख रुपए मुआवजा दिया जाए । मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के परासिया विधानसभा में पिछले दो-तीन हफ्तों में किडनी फेलियर से लगभग, 9 बच्चों; की मौत हो चुकी है, अन्य अस्पतालों में भर्ती है जो शुरुआत में मौसमी बुखार समझा जा रहा था। *स्वास्थ्य अधिकारियों को शक है कि यह मौतें दूषित खांसी के सिरप (जैसे कोल्डरेफ और नेक्सट्रो) के सेवन से जुड़ी हैं, जिसमें अवैध रसायन डायइथाइलीन ग्लाइकॉल (**DEG**) मिला हुआ है। यह रसायन कूलेंट (एंटीफ्रीज) और ब्रेक फ्लूइड में इस्तेमाल होता है, जो किडनी और दिमाग पर गंभीर असर डालता है—जैसे किडनी डैमेज, न्यूरोलॉजिकल प्रॉब्लम्स और मौत।मुख्य तथ्यःमौतों की संख्याः 9 बच्चे (5 साल से कम उम्र के), पिछले 15-21 दिनों में। अन्य 1,400 से ज्यादा बच्चों की निगरानी चल रही है, जिनमें सर्दी-जुकाम के लक्षण हैं। **कारणः** सिरप में **DEG** की मिलावट, जो ग्लिसरीन (स्वीटनर) को सस्ता बनाने के लिए अवैध रूप से मिलाया जाता है। **स्थानः** छिंदवाड़ा जिला, मध्य प्रदेश। पड़ोसी राजस्थान (सीकर) में भी समान मामले सामने आए हैं।प्रभावः बच्चे पहले ठीक लगते थे, लेकिन कुछ दिनों बाद किडनी फेल हो जाती थी। नागपुर के अस्पतालों में इलाज के बावजूद बच नहीं सके। **की गई कार्रवाईः** दो संदिग्ध सिरप की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। डेक्सट्रोमेथॉर्फन हाइड्रोब्रोमाइड वाले सिरप के बैचों की जांच शुरू, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (**NCDC**) ने सैंपल लिए।राजस्थान में 19 बैचों की बिक्री बैन, डॉक्टरों को निजी क्लिनिक से वायरल मरीजों को सिविल अस्पताल भेजने का निर्देश।

### पीएचई के तत्कालीन उपयंत्री, सहायक यंत्री, ठेकेदार की जुगलबंदी का है नतीजा

# मड़काढाना सहित आंगनबाड़ी स्कूलों में बने प्याऊ खुद बयां करने लगे भ्रष्टाचार की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया तहसील मैं आदिवासियों के हितो लिए आने वाली हर शासकीय योजना अधिकारियों के लिए अवैध कमाई का जरिया बन जाती है। ऐसा उदाहरण के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अति महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत कराए गए निर्माण कार्य जो पीएचई विभाग द्वारा करवाए गए हैं। वह खुद भ्रष्टाचार की कहानी कहने लगे हैं। उदाहरण के तौर पर इस विभाग द्वारा आंगनबाड़ी स्कूलों में प्याऊ बनाए गए हैं।

इसका मूल उद्देश्य है कि यहां पर बच्चों को ईसके माध्यम से पीने पानी मिल सके विभाग द्वारा हर आंगनवाड़ी स्कूल में प्याऊ की एक यूनिट बनाकर प्याऊ बनवाये गये। इस यूनिट में टीन सेड बनाना है। इसमें नल लगाना है, साथ ही यदि नजदीक हैंड पंप है तो उसमें पनडुब्बी मोटर डालकर चालू करना है। यदि हैंडपंप नहीं है तो जहां से भी जलप्रदाय होता है उस पाइप लाइन से प्याऊ का कनेक्शन करना है। लेकिन इन प्याऊ में किस पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। वह अब साक्ष्य के रूप में सामने आने लगा है।

उदाहरण के तौर पर कुर्सी ढाना ग्राम पंचायत के ग्राम मडका ढाना प्राथमिक शाला मैं जो प्याऊ बनाया गया है। उदाहरण के लिए काफी है क्योंकि जिस में यूनिट के तहत बनाए गए हैं, उनमें किस कदर अनियमित तथा बरती गई है वह साफ दिखाई दे रही है कि इसके ऊपर जो प्रोफाइल सीट लगाई गई है वह दोयम दर्जे की एवं मापदंड के एकदम विपरीत है जिस पर जंग साफ देखा जा सकता है। वही इस प्याऊ को खड़ा करने के लिए जो ईट का उपयोग किया गया है वह मिट्टी की है जो निर्माण कार्य में पूर्णत प्रतिबंधित है। बावजूद इसके उपयंत्री ने इसका 1 लाख से अधिक फर्जी मूल्यांकन कर भ्रष्टाचार की मिशाल पेश कर प्रधानमंत्री की अति महत्वपूर्ण जल जीवन मिशन योजना के तहत बने तामिया तहसील में 400 से अधिक प्याऊ जो पानी तो नहीं दे सके लेकिन पैसा खा चुके हैं। जिसमें तत्कालीन उपयंत्री के फर्जी मूल्यांकन पर सहायक यंत्री ने की पुष्टि हुई है और ठेकेदार को भुगतान किया गया है।

यदि तामिया तहसील में बनाए गए प्याऊ का भौतिक सत्यापन एवं एस्टीमेट के हिसाब से जो आइटम विपरीत में लगाए गए हैं। उनकी अगर जांच होगी तो इन छोटे प्याऊ में बड़ा भ्रष्टाचार उजागर होगा, लेकिन यहां भी विभाग के अधिकारियों की चतुराई सब देखने मिला है कि तत्कालीन उपयत्रि का अधिकारियों ने कार्य क्षेत्र बदलकर उनके भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का प्रयास किया है, लेकिन वह भूल गए की जो स्ट्रक्चर खड़े हैं वह स्वयं खुद भ्रष्टाचार की कहानी कह रहे हैं। यदि इनका भौतिक सत्यापन होता है तो उपयंत्री सहायक यंत्री ठेकेदार ने जो करोड़ों का भ्रष्टाचार किया है वह भौतिक ही सत्यापन में सामने आएगा। बस देरी है तो भौतिक सत्यापन की।

## भक्तिभाव से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का किया विसर्जन



घोड़ावाड़ी। नवरात्र और दशहरा पर्व के अवसर पर ग्राम सहित आसपास क्षेत्रों में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। गुरुवार को विजयदशमी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भव्य शोभायात्राओं के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।सुबह से ही मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दिन ढलते ही प्रतिमाओं को सुसज्जित वाहनों पर विराजमान कर गाजे-बाजे और भक्ति गीतों की धुन के साथ नगर भ्रमण निकाला गया। दुर्गा मंदिर करमोहोनी बँधी रामनगर दुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा बसस्टॉप हनुमान मंदिर, विजय नगर टेकरी होते हुए करमोहोनी बंधी नदी तट तक पहुंची।पूरे मार्ग में श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते, ढोल-नगाड़ों की ताल पर नृत्य करते हुए आगे बढ़े। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत कर जलपान की व्यवस्था भी की।ग्राम के अन्य मंदिरों और पूजा पंडालों से भी प्रतिमाओं को शोभायात्रा निकालकर नदी तट पर लाया गया। देर शाम नदी तट पर हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर नगर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। पुलिस प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती जिससे विसर्जन कार्यक्रम बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सका।विसर्जन के साथ ही नवरात्र का यह पावन पर्व श्रद्धा, उल्लास और शांति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने मां से ग्राम, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

## पीएम हो और कंपनी दे हर्जानाः बावरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

परासिया विधानसभा इन दिनों किडनी फेलियर से बच्चों की मौत के मामले में सुर्खियों में है। अब तक 10 बच्चों की मौत हो चुकी है। इसी मामले को लेकर भूतपूर्व विधायक ताराचंद बवारिया ने प्रेस वार्ता आयोजित की। जिसमें उन्होंने बच्चों की मौतों पर दुख व्यक्त करते हुए, इस मामले में सटीक जांच हेतु किडनी फेलियर से मृत बच्चों के पोस्ट मार्टम किए जाने की बात कही। साथ ही यह भी कहा, कि जिन दवाइयों पर संदेह जाहिर किया गया है, जिन पर बैन लगाया गया है, यदि सत्य प्रमाणित होता है तो उन कंपनियों से पीड़ति परिवार को हर्जाना दिलाया जाए। उन्होंने सरकार से अपील की है, कि जो बच्चे पीड़ति हैं और इलाजरत हैं, उनका इलाज शासकीय सुविधा से बड़े शहरों में कराया जाए। प्रेसवार्ता में वरिष्ठ नेता अरुण कपूर भी मौजूद रहे।

## शुरू हुआ भावांतर भुगतान योजना पंजीयन

**परासिया।** किसानों के लिए भावांतर भुगतान योजना का पंजीयन शुरू हो गया है। यह पंजीयन दिनांक 3 अक्टूबर 2025 से दिनांक 17 अक्टूबर 2025 तक होंगे। जिसके लिएकिसान अपना पंजीयन सहकारी समिति उमरेठ, ग्राहक सेवा केंद्र/ एमपी ऑनलाइन किओस्क एमपी किसान ऐप पर करा सकते हैं। जिसके लिए उन्हें आधार कार्ड, मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक (स्मार्टफोन) होना, बैंक पासबुक, समग्र आईडी पावती या खसरा किश्तबंदी होना आवश्यक है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनायक नागदवने ने बताया, कि विक्रय मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम होने पर मंडी के मॉडल भाव के अनुसार अंन्तर की राशि किसान को प्रदान की जाएगी। सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य .5328 है, कृषक सोयाबीन कृषि मंडी में बेच सकते है। सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम अथवा राज्य के मंडी के मॉडल रेट से कम रेट मे कृषक की सोयाबीन विक्रय होने पर अंतर की राशि को ही भावांतर भुगतान योजना कहते है।

## हनुमान लोक में हुआ कलेक्टर का सत्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



कलेक्टर अजय देव शर्मा को नवीन दायित्व मिलने पर जामसांवली मंदिर संस्थान द्वारा सम्मान किया गया। मिली जानकारी के अनुसार हाल हीकलेक्टर अजय देव शर्मा को मध्यप्रदेश शासन में नवीन दायित्व मिलने के उपरांत, उन्होंने चमत्कारीक श्री हनुमान मंदिर, जामसांवली पहुँचकर श्री मूर्ति की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर संस्थान द्वारा उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य और मंदिर संस्थान के प्रति निस्वार्थ सहयोग के लिए सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। जामसांवली मंदिर संस्थान के पदाधिकारियों ने अजय देव शर्मा द्वारा विगत दो वर्षों में दिए गए अतुलनीय सहयोग की सराहना की।

## वर्षावास समापन पर खापा के बुद्ध विहार में आयोजन

**सौंसर।** ग्राम पंचायत खापा के अंतर्गत आने वाले बौद्ध विहार में वर्षवास समापन पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।मिली जानकारी के अनुसार बौद्ध धम्म के वर्षावास आषाढ़ी पूर्णिमा से शुरू हुई और अश्विनी कोजागिरी पूर्णिमा को वर्षावास का समापन किया जाता है, इसी कड़ी में ग्राम खापा बौद्ध विहार में वर्षवास को लेकर बौद्ध धर्म के कार्यक्रम किया जा रहे हैं। जिसके चलते भारतीय बौद्ध महासभा रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल के तत्वाधान में ग्राम खापा के क्रांति बुद्ध विहार में भी वर्षावास समापन कार्यक्रम 6 अक्टूबर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सुबह 10 बजे बुद्ध विहार में सामूहिक बुद्ध, जय भीम सलामी 11 बजे धम्म देशना प्रबोधन कार्यक्रम होगा। दोपहर 1 बजे से बुद्ध भीम संदेश गायन कव्वाली पार्टी के गायक गुलाब खोबरागड़े,ओर टीम की प्रस्तुति दी जाएगी,समापन अवसर पर भोजन दान कार्यक्रम होगा।

## दीन दुखियों की मदद में भाजपा सरकार सबसेः मोहोड़

**सौंसर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के माध्यम से संपूर्ण देश और प्रदेश के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र का सर्वांगीण विकास को इस देश को लेकर सैकड़ो जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, और निरंतर इन योजनाओं के माध्यम से जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत का विकास हो रहा है, भाजपा सरकार जो कहती है वह करती है।



उपरोक्त उदगार ग्राम पंचायत जामसावली में आयोजित भूमि पूजन समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड़ ने व्यक्त किये है।पंचायत से मिली जानकारी के अनुसारजिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड़ के द्वारा ग्राम पंचायत सांवली में 15.87 लाख रुपये लागत से प्रस्तावित पानी टंकी के भूमिपूजन किया।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड़ ने कहा भाजपा सरकार हर वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रही है सरकार के पास में विकास कार्य एवं दीन दुखियों की मदद के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, जिपस नीलिमा पाटिल मोरेश्वर मर्सकोले,उपाध्यक्ष रामकृष्ण वाकोडे श्रीमती लीलाबाई बोबडे, नामदेव पाल,सरपंच गणेश बावने,दिनेश भलावी, हरिदास धुर्वे,उपसरपंच नितिन कारोकार,मारोती बोबडे प्रभाकर कारोकार, विठ्ठल बावने, तुकाराम सोनटक्के,पंजाबराव ऐलमुले,वसंत शेलके, चिंतामन बोदे,राम बोबडे,आदि थे।

## वृद्ध के लिए मददगार बनी संजीवनी 108



### शासकीय दायित्व से ऊपर उठकर ईएमटी और चालक ने दिखाई मानवता

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी तहसील के ग्राम हथोड़ा निवासी धुर्वेप्रसाद पिता मारुती लेदे के लिए स्वास्थ्य विभाग की आपातकालीन सेवा संजीवनी-108 मददगार बनी है. दरअसल, शुक्रवार की देर रात्रि धुर्वे प्रसाद अपने घर के सामने माता रानी के विसर्जन के लिए निकली शोभायात्रा में माता रानी के दर्शन करने के लिए आंगन में आए थे जहां पैर फिसलकर गिरने से उनके दाहिने कूल्हे के पास से पैर की हड्डी टूट गई. घायल वृद्ध के पुत्र फागुलाल ने शनिवार की सुबह संजीवनी 108 पर कॉल किया. जिसके बाद संजीवनी 108 में तैनात इएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और पायलेट प्रवीण कावरे हथोड़ा पहुंचे लेकिन पीडित के घर तक जाने का रास्ता सकरा होने की वजह से वाहन वहां तक नहीं पहुंच पा रहा था. ऐसे में ईएमटी और पायलट ने अपने शासकीय दायित्वों से ऊपर उठकर मानवता की दिखाते हुए वृद्ध को स्पाइन बोर्ड पर रखकर उसके घर से संजीवनी 108 तक पहुंचाया. मरीज की स्थिति को देखते हुए ईएमटी डॉ पटले ने मरीज को जिला चिकित्सालय बालाघाट में भर्ती करवाया है जहां वृद्ध का उपचार जारी है. समय पर अस्पताल पहुंच जाने से धुवे प्रसाद को बहुत राहत पहुंची है. यदि समय पर संजीवनी-108 एम्बुलेंस की सेवा नहीं मिलती को धुवे प्रसाद के साथ अनहोनी घटना हो सकती थी।

## भक्तिभाव और देवीगीतों पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं ने दी मां को विदाई

### मां सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति की शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों ने लिया भाग, एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी बधाई



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के गुजरी चौक स्थित मां सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस दौरान माता के पंडाल से भव्य शोभायात्रा एवं चैतन्य झाकियां निकाली गईं, जिसमे सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शोभायात्रा में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। भक्तों ने मां दुर्गा के दर्शन कर सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इस दौरान भक्तिभाव से भरे देवी गीत गूंजते रहे और शोभायात्रा में शामिल भक्तों ने भजनों की धुन पर नृत्य किया तथा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। मां सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति की इस शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया इस शोभायात्रा में विशेष रूप से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। मातारानी की शोभायात्रा जब नगर के सुभाष चौक से होकर गुजरी तो हजारों की संख्या में लोग माता के दर्शन और शोभायात्रा के साथ-साथ झांकियों को देखने के लिये उमड़ पड़े। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी पुरी मुस्तैदी के साथ खड़ा नजर आया और चाक चौबंद व्यवस्था के बीच शोभायात्रा को चौक से गुजरने में मदद की। वहीं नगर परिषद लांजी द्वारा भी मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये स्थानीय गणेशी तालाब में विशेष व्यवस्थाएं की गई थी और दुर्गा समितियों के सदस्यों को किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े इसके लिये विशेष इंतजाम किये गये थे। देर रात मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा का गण्ेशी तालाब में विसर्जन किया गया और मां की आराधना की गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह परंपरा दशकों पुरानी है और इसे बड़े ही धूमधाम तथा सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया जाता है।

मां सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष मनीष लालू अग्रवाल एवं अन्य राजू गोस्वामी, संदीप अग्रवाल, उमाकांत उपराड़े, अमित पांडे, संतोष महोबिया, गिरीश अग्रवाल, मुकेश महोबिया, राजा वानखेडे, पप्पू पांडे, तरुण किरनापुरे, जय श्रीवास्तव, राजा वानखेडे, ओ.पी, चोरवाड़े, पंकज महोबिया, अतुल महोबिया, पार्थ पांडे पलाश गोस्वामी, सागर पांडे, डॉ. सुधांशु कल्चुरे, अभय पांडे, डॉक्टर हिमांशु कल्चुरे, मोनू मिश्रा, विक्कू कालबेले, अरविंद मिश्रा, अनमोल खरगाल, प्रतीक गोस्वामी, अंकित सिंह बेस, हर्ष बक्शी और अन्य सदस्यों ने पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद लांजी सहित नगरवासियों से मिले सहयोग के लिये आभार व्यक्त करते हुए आने वाले वर्षो में भी इसी तरह के सहयोग मिलने की अपेक्षा की। अध्यक्ष मनीष लालू अग्रवाल ने कहा आगामी वर्षों में मां सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा और भी भव्य रूप से मां जगतजननी की सेवा आराधना में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने किया शस्त्र पूजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विजयादशमी का पर्व भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व नागरिकों ने धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर वारासिवनी बस स्टैंड में स्थित श्री हनुमान मंदिर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहॉ पर भाजपाईयों द्वारा विभिन्न प्रकार के अस्त्र शस्त्रों को सजाया गया था। फिर विधि विधान के साथ सभी भाजपाईयों द्वारा शस्त्रों की पूजा अर्चना की गई। इस शस्त्र पूजन कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष छगन हनवत, वृहताकार सोसायटी पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र सेठी, सोसायटी पूर्व अध्यक्ष मूरत सिंह पारधी, नगर भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष दीप चौहान, पूर्व महामंत्री समीर बिसेन, पूर्व महामंत्री बंटी सेंद्रे, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सौरभ पटेल, नगरपालिका पार्षद आशुतोष कोहाड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेश व्यास, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शेख दानिश, राजेश पटले, मनीष मिश्रा, पूर्व पार्षद श्रीमती सरिता सिंघई, श्रीमती सुरेखा मिश्रा, विजय पटले, भूपेंद्र भगत, संगम देवगड़े, शशांक डोंगरे, बस स्टैंड दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष बंटी सोनवाने सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### रामनगर में मुस्लिम परिवार ने भक्तों को बांटी महाप्रसाद

# नम आंखों से माता रानी की प्रतिमाओं को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



शारदीय नवरात्र की संपन्नता के साथ ही शुक्रवार की सुबह नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम आरंभ हुआ जो शुक्रवार की देर रात यानी 12 बजे के बाद तक चलता रहा. नगर में आधा दर्जन से अधिक पूजा समितियों की प्रतिमाओं को भक्तों ने सजल नेत्रों से विदा किया. नगर के प्रत्येक गली-चौराहे से होकर निकले जुलूस में डीजे की गूंज, अबीर-गुलाल और जयकारों की गूंज के बीच भक्तजन मां भगवती की प्रतिमा के साथ भावभीनी विदाई देते हुए विसर्जन स्थल बड़ा तालाब तक पहुंचे. भक्तों ने मां से अगले वर्ष पुनः आने का आह्वान किया. नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए प्रतिमाओं का जुलूस जब-जब निकला, लोग छतों और गलियों से दर्शन कर मां के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते रहे. पूजा समितियों के तत्वावधान में सजे-धजे जुलूस में जहां मां के जयघोष गूंज रहे थे वहीं युवाओं और बच्चों में नृत्य और उल्लास का उत्साह देखते ही बनता था. गांधी चौक, छतेरा रोड, उत्कृष्ट स्कूल के सामने, काली माता मंदिर, कहारी मोहल्ला, पुराना रेलवे स्टेशन समेत अन्य मोहल्लों से निकली प्रतिमाओं का विसर्जन नगर के बड़े तालाब में प्रशासन की मौजूदगी में क्रमवार रूप से किया गया. यहां भारी भीड़ उमड़ी और हर विसर्जन के साथ भक्तों के नयन भर आते।

**हिन्दू-मुस्लिम एकता की दिखी मिसालः** नवरात्रि के पावन पर्व की समाप्ति पर कटंगी शहर से सटे ग्राम रामनगर का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है इस वीडियो में देखा जा रहा है कि बहुत सारे लोग महाप्रसादी ले रहे है. वीडियो माता रानी की विदाई के दौरान निकाले गए जुलूस के दौरान का है. यह वीडियो दो समुदायों के बीच प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण मिसाल का है, जहां लोग एक-दूसरे के रीति-रिवाजों और त्योहारों में शामिल होते हैं। दरअसल, रामनगर के अशरफ मेमन और उनके पुत्र सलमान मेमन करीब 10 वर्षों से नवरात्रि पर निकलने वाले जुलूस के दौरान महाप्रसादी का आयोजन करवाते है. अशरफ मुस्लिम परिवार के मुखिया है. रामनगर में हिन्दू-मुस्लिम परिवार आपस में बेहद ही भाईचारा बनाकर रहते है.यहां सभी त्यौहारों में कौमी एकता की अनोखी मिसाल देखने को मिली. यहां का मुस्लिम परिवार देवी भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन करवाता है. जिसका ना सिर्फ देवी भक्त बल्कि पूरे गांव के लोग लाभ लेते है. अशरफ मेमन बीते 10 वर्षों से निरंतर माता रानी की विदाई के लिए महाप्रसादी का आयोजन करवाते है।

# ग्राम सोनपुरी नारंगी में निकली मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लक्ष्मण सीता और हनुमान की चैतन्य झांकी

हरिभूमि न्यूज उकवा।



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी नारंगी में लगातार चार वर्षो से से नवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है नवरात्रि के नवदिन माता रानी के भक्तों की भीड़ लगी रही जिसमें संगीत मई आरती की गई सभी भक्तगण लीन होकर भक्ति की गई।

**नवरात्रि के नौ दिन किया गया विशाल भंडारे का आयोजन :** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी नारंगी प्रांगण में माँ अम्बे जी की आरती के पश्चात प्रतिदिन माता रानी के चाहने वाले भक्तों के द्वारा आरती में आए सैकड़ो लोगों को विशाल भंडारा कराया जाता है जिसमें तरह-तरह के व्यंजन पुलाव, खीर पूड़ी हलवा फल मिठाइयां आदि का वितरण किया जाता है तत्पश्चात रात्रि में प्रतिदिन अनेक प्रकार के कार्यक्रम रखे गए दिन मे देवी पुराण पंडित ईशु महाराज उपाध्याय द्वारा किया गया। एवं नौ दिनों तक मात्रे फोटोग्राफी द्वारा हर छोटी-छोटी कड़ी को जोड़ने का काम किया।

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी के द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई जिसमे श्री राम लक्ष्मण एवं सीता माता बने नन्हें मुन्ने बच्चे, नशा मुक्ति के तहत, कश्मीर पहलगाम आतंकी हमले में, नवदुर्गा, शंकर पार्वती,पर्यावरण बचाओ, सोच बदलो देश बदलेगा आदि झांकियां दुर्गा पंडाल से होकर गांव का भ्रमण कर पुनः दुर्गा मैदान पर रावण दहन करने पहुंची इस दौरान नन्ही मुन्नी बालिकाओं के द्वारा झांकियों के आगे आगे कलश यात्रा निकाली गई।

ग्राम में चौक चौक पर रैली में चल रहे भक्तों को शर्बत, बिस्केट चॉकलेट आदि वितरण किया गया झांकी मैदान पहुंची जहां पर रावण के विशाल पुतले का विधि विधान से पंडित के द्वारा पूजा अर्चना की गई जिसमें शानदार आतिशबाजी के बीच नन्हे श्री राम के द्वारा रावण दहन किया गया उसके पश्चात रैली में प्रथम आने वाली झांकी मोबाइल से होने वाले दुष्परिणाम को जिसे राजेश राहंगडाले द्वारा 1100 रु दिया गया द्वितीय कुम्हार समाज जिसमें मिट्टी से बने आकर्षित बर्तन को जिसे सरपंच सुनील उइके द्वारा 700 रु दिया गया एवं तृतीय पुरस्कार को पंडित ई. महाराज द्वारा 500रु दिया गया। साथ ही साथ इनामी कूपन भी रखा गया था जिसमें प्रथम पुरस्कार कूपन नंबर 11 को रेंजर साइकिल दिया गया द्वितीय पुरस्कार नंबर 704 को एलईडी एवं तृतीय पुरस्कार नंबर 513 को मिक्सी एवं अन्य आकर्षण इनाम भी दिए गए! फिर शुरू हुआ छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम नव किरण छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया सुबह ग्राम का भ्रमण कर मूर्ति को डीजे की धुन पर विसर्जित ग्राम के ही एक तालाब में किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि स्वरूप मैकेनिकल इंजीनियर उकवा मोईल अजय बड़ोले, सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक सर सचिव नितिन कुमार,संजना बर्वे, रवि पंन्द्रे,ग्राम के वरिष्ठ नागरिक ओमकार राहगडालें,किसन लाल गजभिये, मनोज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरई में प्रशिक्षुओं के लिए यादगार रहा। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार यहाँ भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली से प्रसारित लाइव उद्बोधन से हुआ। प्रधानमंत्री जी ने प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने हेतु कौशल और संकल्प दोनों को अपनाने का आह्वान किया। इसके बाद संस्थान के पासआउट ट्रेनीज को प्रशस्ति पत्र, शील्ड और मेडल प्रदान किए गए। यह पल न केवल छात्रों के लिए, बल्कि उनके पालकों और गुरुजनों के लिए भी गर्व का क्षण रहा। समारोह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया, ग्राम पंचायत कुरई की सरपंच श्रीमती तरुणा धर्मेंद्र परते, उप सरपंच सागर सूर्यवंशी, पालकगण, संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### महात्मा गांधी जयंती पर निकाली गई नशामुक्ति वाहन रैली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती के अवसर पर मध्य निषेध सप्ताह (02 से 08 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत 02 अक्टूबर को जिला कलेक्टर परिसर से नशामुक्ति वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में विभिन्न झांकियों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। एक प्रतिभागी ने महात्मा गांधी का रूप धारण कर सत्य, अहिंसा और नशा त्याग के विचारों को जीवंत किया, जिसे नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सराहा। वहीं दूसरी झांकी में एक प्रतिभागी ने माँ दुर्गा का रूप धारण कर नशे रूपी रावण का वध करते हुए समाज को नशामुक्त करने का सशक्त संदेश दिया। यह दृश्य रैली का विशेष आकर्षण रहा।

रैली का मार्ग कलेक्टर परिसर से प्रारंभ होकर बहुबली चौक, माधवराव सिंधिया चौक, बड़े मिशन स्कूल, गणेश चौक, शुक्रवारी चौक, कटंगी नाका, मठ मंदिर, छिंदवाड़ा चौक, नगर पालिका चौक, बस स्टैंड एवं भैरोगंज मार्ग से होते हुए पुनः कलेक्टर परिसर पर समाप्त हुआ।

इस अवसर पर प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संदीप परते ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। गांधीजी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर चलकर ही हम स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। रैली में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था, गायत्री परिवार के पदाधिकारी व सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरण करना रहा। प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति के नारे लगाए और संकल्प लिया कि जिले में नशा मुक्ति अभियान को लगातार और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शतायु सम्मान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सिवनी जिले के ग्राम बंडोल निवासी 109 वर्षीय ओमेश्वरनाथ (जन्मतिथि 01/01/1916 - परिचय पत्र अनुसार) को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शतायु सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक एवं सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी प्रशांत सोनी ने कहा कि वरिष्ठजनों का सम्मान करना हमारी परंपरा और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।
शतायु सम्मान समाज में वृद्धजनों के प्रति आदर और देखभाल की भावना को और प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर हैं, उनके अनुभव और जीवन मूल्यों से नई पीढ़ी को दिशा मिलती है। 109 वर्ष की आयु में भी स्वस्थ एवं प्रेरणादायी जीवन जी रहे ओमेश्वरनाथ जी हम सभी के लिए गौरव का विषय हैं। इस अवसर पर समग्र संयोजक श्री अभिषेक नामदेव सहित उपस्थित जनों ने ओमेश्वरनाथ के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

# नगर पालिका द्वारा व्यायामशाला समिति को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

02 अक्टूबर 2025 को सिवनी नगर में दशहरे का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नगर पालिका प्रशासन सिवनी द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विजयदशमी के अवसर पर नगर पालिका सिवनी के सामने कंट्रोल रूम बनाया गया एवं विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। विजयादशमी के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी विशाल सिंह मस्कोले एवं पार्षदों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रत्येक व्यायामशालाओं के उस्तादों को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया एवं शील्ड प्रदान की गई। एवं नगर में पधारे



श्रृध्दालुओ के लिये भोजन प्रसादी एवं शुध्द पेयजल की व्यवस्था की गई। वहीं अध्यक्ष महोदय एवं सीएमओ के निर्देशन में एमएलबी घाट एवं मठ तालाब के पास कुंड तैयार किये गये जिसमें श्रृध्दालुओ द्वारा ज्वारे विसर्जन किया गया है। वहीं श्री दुर्गा प्रतिमा के विजर्सन हेतु लखनवाड़ा बैनगंगा नदी घाट पर मूर्तियां विसर्जन हेतु क्रेन की व्यवस्था की गई।

सभी तीनों विसर्जन घाटों को स्वच्छ रखने हेतु वार्ड प्रभारियों एवं सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। जिनके द्वारा निरंतर साफ-सफाई की गई। विसर्जन के दौरान घाटों पर आने वाले श्रृध्दालुओं के लिये शुध्द पेयजल की व्यवस्था की गई। तीनों घाटों पर पर्याप्त रोशनी हेतु लाईट विद्युत की व्यवस्था की गई। नागरिकों के बैठने हेतु कुर्सियों की व्यवस्था की गई है एवं लाउड स्पीकर से एलाउंसमेंट के जरिए विभिन्न निर्देश हेतु व्यवस्था की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ द्वारा निरंतर समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाकर समय समय पर नोडल अधिकारियों से व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया गया। नगर पालिका कर्मचारियों एवं पुलिस प्रशासन की निगरानी में मूर्तियों का विसर्जन लखनवाड़ा बैनगंगा घाट सिवनी में किया गया।

# कु.आरती कर्वेती का डीएसपी पद पर चयन

**सोनखार (प्रदीप तिवारी)।** सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली के पां. छपारा क्षेत्र की ग्राम भरवेली में निवास रत श्रीमान कर्वेती जी शिक्षक की सुपुत्री कु.आरती कर्वेती का राज्य सिविल सेवा परीक्षा के द्वारा डीएसपी पद पर इनका चयन हुआ है, उनके डीएसपी पद पर चयन होने से समूचे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है, और इन्हें सभी शुभचिंतकों के द्वारा बधाइयां



क्षेत्र वासियों, ईस्ट मित्रों और स्नेहियों द्वारा दी जा रही है, उनके क्षेत्र में आगमन पर उनकि प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण किए गए स्कूल सांदिपनी हायर सेकंडरी विद्यालय पां. छपारा में प्राचार्य महोदय व समस्त स्टाफ के द्वारा स्कूल प्रांगण में सम्मान किया गया, इसी तरह सभा मंच पां. छपारा बाजार चौक में कांग्रेस कमेटी पां. छपारा द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया, उनकी इस उपलब्धि पर डीएसपी पद पर चयन होने पर हार्दिक बधाइयां दी गई इस अवसर पर रमेश देशमुख, पुनाराम वरकड़े, महेश पटले, विजय निर्मलकर, राजिक भारती, राहुल राही बनवाले,सेकन निर्मलकर, दीपक मेश्राम, प्रहलाद केकती,शमीम अंसारी,वसीम कुरैशी व क्षेत्रीय जन महिलाएं व ईस्ट मित्रों की उपस्थिति रही.

## दशहरे पर केवलारी में भक्ति का ज्वार

# नमामि म्यूजिकल ग्रुप के देवीगीतों ने बांधा समां

**केवलारी** -दशहरे के महापर्व पर, भक्ति और परंपरा के समन्वय का अद्भुत दृश्य केवलारी के बड़े ग्राउंड में देखने को मिला। हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में नमामि म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति और विशालकाय रावण का दहन मुख्य आकर्षण रहे, जिसने हजारों श्रद्धालुओं को आस्था से ओत-प्रोत कर दिया।



### संगीत संध्या में गूंजी भक्ति

कार्यक्रम की शुरुआत माता के जगराता से हुई, जहां नमामि म्यूजिकल ग्रुप के हुनरमंद कलाकारों ने एक से बढक़र एक सुंदर देवीगीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उनकी मधुर और कर्णप्रिय आवाज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। देर रात तक चले इस जगराता में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और धर्मलाभ उठाते हुए भक्ति के इस अलौकिक अनुभव के साक्षी बने और पूरा ग्राउंड तालियों और जयकारों से गूंज उठा।

### बुराई पर अच्छाई की जीत

संगीत संध्या की मध्यरात्रि में कार्यक्रम का सबसे प्रतीक्षित पल आया विशालकाय रावण के पुतले का दहन। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस आयोजन को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। जैसे ही आग की लपटों ने अहंकार के प्रतीक रावण को अपने आगोश में लिया, पूरा आसमान 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा।

### समिति का प्रबंधन रहा प्रशंसनीय

हनुमान मंदिर समिति द्वारा कार्यक्रम की अत्यंत सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी। पार्किंग से लेकर सुरक्षा और श्रद्धालुओं के बैठने तक की व्यवस्था इतनी त्रुटिरहित थी कि किसी को कोई असुविधा नहीं हुई। नगर वासियों ने इस सराहनीय और उत्कृष्ट आयोजन के लिए समिति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। समिति के सदस्यों ने नगर के नागरिकों के भारी सहयोग और उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। यह आयोजन केवलारी की समृद्ध धार्मिक विरासत और सामूहिक एकता का परिचायक बना।

# नवरात्रि पर्व में चाकू लेकर घूमने वाले दो युवक पुलिस की गिरफ्त में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चाकूबाजो के विरुध्द सख्त है चाकूबाजो पर तत्परता से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियों के विरुध्द भी सख्ती से कार्यवाही हेतू प्रयत्नशील रहते है। जो इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं सी.एस.पी. श्रीमति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डुण्डासिवनी सतीश तिवारी व्दारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।
उल्लेखनीय है कि दिनांक 03/10/2025 को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति काली चौक हनुमान व्यायाम शाला के पास चाकू लेकर व्यायाम शाला के सामने से गुजरने वाले लोगो को डरा धमका रहा है फिर चाकू को अपने कमर के पीछे रख लेता है सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृव में डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर एमपीबी आफिस के सामने व्यक्ति को पकड कर धारदार लोहे का चाकू जप्त करने में सफलता प्राप्त की है जो आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमाक 469/2025 धारा 25(1-बी) आम्र्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।
इसी क्रम में दिनांक 03.10.2025 को सूचना प्राप्त हुई कि मंडला रोड शराब दुकान के पास एक व्यक्ति चाकू लेकर घूम रहा है एव आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है जिसे घेराबंदी कर हिकमा अमली से गिरफ्तार किया गया जिसके पास से एक बटन दार चाकू मिला जो आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमाक 471/2025 धारा 25 (1-बी) (बी) आम्र्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।
नाम गिरफ्तार आरोपी शुभम पिता राधेश्याम उडक़े उम्र 19 साल नि. ग्राम सागर थाना बण्डोल जिला सिवनी। 02. रघुवीर पिता रमेश बघेल उम्र 50 साल निवासी ग्राम मानेगांव थाना डुण्डासिवनी जिला सिवनी।
जप्तीः-01. आरोपी शुभम से पास से बकानुमा चाकू ।
02. आरोपी रघुवीर के पास से बटनदार धारदार चाकू ।
सराहनीय कार्यः निरी. सतीश तिवारी, प्र. आर. संजय यादव, रणजीत पटले, अमर उइके, आर, अनुराग दुबे, नीतेश राजपूत, कृष्णकुमार भालेकर, विक्रम, हिमांशु साहू (रक्षा समिति) अन्य थाना स्टाफ उप. रहा।

# झिंझरई साख समिति से परमिट कटकर गेहु बौनी से पहले किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने मांग

**सिवनी।** जिले से 154 किलोमीटर सुदूर आदिवासी ग्रामांचल बरगी बांध विस्थापित 22 ग्रामों का सेंटर ग्राम झिंझरई में सहकारिता विभाग से ग्राम झिंझर ई में पूर्व से खाद बीज उर्वरक किसानों को बटा जाता था और वर्तमान में केदारपुर समिति का कार्य क्षेत्र अधिक होने ओर मेरे क्षेत्र की 6 पंचायत झिंझरई,झुरकी,ब्यौहारी,धनवाही, बुधेरा, पददीकोना पंचायत के किसानों की मांग पर नई साख समिति झिंझरई बनाई गई हे जिस झिंझर ई निवासी समाज सेवी नारायण बैजनाथ सिंह पटेल ने जिला कलेक्टर सिवनी,सहकारिता मंत्री मध्यप्रदेश केंद्रीय सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह जी को निवेदन पत्र लिखा मेरे क्षेत्र के किसानों को गेहूं बौनी से पहले सभी किसानों को परमिट काटकर। झिंझरई से यूरिया,डीएपी,सुपरफास्फेट,पोटास ओर अन्य खाद बीज उपलब्ध कराया जावे चुकी सहकारिता समिति की उदासीनता से धन की फसल में यूरिया नहीं मिली किसानों की फसल खराब हो गई ऐसी तिथि गेहूं में न बने इसलिए समाजसेवी नारायण बैजनाथ पटेल ने मांग की हे कि समय पर किसानों को खाद बीज मिल सके।

# डंपर की टक्कर से युवक की मौत, एक गंभीर

**सिवनी।** लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिवनी से अमरवाड़ा रोड में ग्राम जाम के पुल पर शुक्रवार की शाम लगभग 7.30 बजे तेज रफ्तार से जा रहे एक डंपर चालक ने बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें बाइक में सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं एक घायल बताए जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बगदिरी चौरई थाना (छिंदवाड़ा जिला) निवासी विक्की उईके उम्र लगभग 22 वर्ष अपने साथी के साथ संदीप उइके की उम्र 15 वर्ष के साथ जा रहे थे। तभी डंपर की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटनास्थल पर विक्की उईके की मौत हो गई व संदीप उइके घायल हुए हैं जिनका उपचार अस्पताल में जारी है।

# नवागत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले की नवागत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने विभागवार जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को कार्यों की प्रगति और आगामी रणनीति पर विशेष निर्देश दिए।
बैठक की शुरुआत पंचायत विभाग की योजनाओं से हुई। कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत चल रहे निर्माण एवं रोजगार सृजन कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने "एक बगिया माँ के नाम", खेत तालाब, अमृत सरोवर, पीएम आवास तथा प्रधानमंत्री जन मन जैसी योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर उन्हें और सक्रिय बनाने पर बल दिया।
राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने न्यायालयवार लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर देते हुए सभी प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज कर समय सीमा में करने के निर्देश दिए। अतिक्रमण मामलों पर भी चर्चा करते हुए उन्होंने लक्ष्य अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नरवाई प्रबंधन पर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि नरवाई जलाने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण हेतु कड़ी कार्यवाही की जाए, साथ ही कृषि विभाग किसानों को नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाए।
नगरीय निकायों – सिवनी, बरघाट, लखनादौन, केवलारी एवं छपारा – के सीएमओ से उन्होंने आवास प्लस एवं अमृत योजना अंतर्गत विकास कार्यों की प्रगति, कायाकल्प योजनाओं के कार्यान्वयन, अतिक्रमण हटाने, टैक्स बकाया वसूली तथा अन्य शहरी समस्याओं पर जानकारी प्राप्त की।
वन विभाग से पौधरोपण गतिविधियों एवं अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं शिक्षा विभाग से पहली कक्षा में प्रवेश की स्थिति, विगत बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं सुधार की कार्ययोजना, साइकिल वितरण, स्कूली व लैपटॉप वितरण, एफएलएन गतिविधियां, बीईओ व बीआरसी के निरीक्षण की स्थिति, पीएम श्री एवं सीएम स्कूलों के संचालन, निर्माणाधीन सीएम राइस व छात्रावास भवनों की जानकारी ली।
सामाजिक न्याय विभाग को निर्देश दिए गए कि चिन्हांकित



दिव्यांग बच्चों के लिए स्कूलवार शिविर आयोजित किए जाएं। आगामी 6 अक्टूबर से एल्मको द्वारा आयोजित होने वाले कृत्रिम उपकरण वितरण शिविरों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सीईओ जनपदों को हितग्राहियों के लिए सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही शिविर दिवस पर ही दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।
मत्स्य विभाग से योजनावार लक्ष्य एवं प्रगति, तालाबों के पट्टों की स्थिति एवं मछुआ समितियों की गतिविधियों की जानकारी ली गई। खाद्य विभाग से खाद्यान्न वितरण, धान व सोयाबीन उपार्जन हेतु कृषकों के पंजीयन, गिरदावरी की स्थिति तथा ई-केवाईसी की समीक्षा की गई। कृषि विभाग के समीक्षा के दौरान जिलें में सोयाबीन के रकबे की जानकारी के साथ ही भावांतर योजना के क्रियान्वयन की बारे में जानकारी ली।
आयुष विभाग से औषधीय पौधों के उत्पादन एवं चिकित्सालय संचालन की स्थिति जानी गई। स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन से जिला चिकित्सालय व स्वास्थ्य केंद्रों की उपलब्ध सुविधाएं तथा विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों की प्रगति की जानकारी प्राप्त हुई।
खेल विभाग से खेल प्रोत्साहन अभियान, प्रशिक्षण कार्य तथा सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई। लोक निर्माण विभाग, आरईएस, पीआईयू एवं प्रधानमंत्री सड़क परियोजना सहित अन्य निर्माण विभाग के अधिकारियों से प्रगतिरत सड़कों एवं भवन निर्माण कार्यों की जानकारी ली गई। पीएचई एवं जल निगम से जल जीवन मिशन और समूह नल-जल योजनाओं की प्रगति जानी गई। कलेक्टर ने विशेष रूप से पायली समूह नल-जल योजना की गति तेज करने के निर्देश दिए। जनजातीय कार्य विभाग से उनके स्कूलों, छात्रावासों तथा छात्रवृत्ति वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन, धरती आबा योजनाओं पर सर्व प्राथमिक में कार्य करने के निर्देश दिए।
रोजगार विभाग से रोजगार मेलों एवं कैरियर काउंसलिंग की जानकारी ली। आबकारी विभाग से राजस्व वसूली तथा अवैध शराब पर की गई कार्रवाई पर चर्चा की। महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या, संचालन की स्थिति, गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या, एनआरसी की स्थिति एवं पोषण माह की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।
इसी प्रकार जिला पंजीयक से लक्ष्य अनुरूप वसूली, खनिज विभाग से खनिज संपदा एवं राजस्व की स्थिति, योजना अधिकारी से निधियों से संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली गई। सहकारी केंद्रीय बैंक से ऋण वितरण, वसूली, उर्वरक उपलब्धता व वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र से स्वरोजगार मूलक योजनाओं, औद्योगिक क्षेत्रों के विकास एवं भूमि आवंटन की जानकारी प्राप्त हुई।
उद्यानिकी विभाग को उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग से पशु चिकित्सालयों की स्थिति, विभागीय गौशाला, टीकाकरण एवं अन्य योजनाओं की प्रगति जानी गई। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से रबी फसल के लिए सिंचाई परियोजना के सम्बंध में चर्चा कर तय समय सीमा में किसानों को पानी उपलब्ध कराने के लिए नहरों की मरम्मत की कार्यवाही त्वरित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।
बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने अन्य विभागों के भी विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचे। उन्होंने कहा कि विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए और विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।
बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

## जिले के 1021 किसान हुए लाभांवित

# मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से हुए फसल क्षति की राहत राशि का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की सेवा ही भगवान की सेवा है। बाढ़ हो, आपदा हो, ओलावृष्टि हो या कीट प्रकोप हो, किसान भाई हर विपदा से लड़ते और जूझते हैं। किसान पर कोई भी विपदा या आपदा आए सरकार संकट की हर घड़ी में साथी बनकर किसानों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से कहा कि आप अकेले नहीं हैं, पूरा परिवार बनकर हम आपके साथ हैं। आपकी खुशी में ही प्रदेश की खुशी है।
उन्होंने कहा कि हर प्रकार की आपदा और कीट प्रकोप से फसलों को हुई क्षति की राहत राशि किसानों को दी जाएगी। ये राहत राशि किसानों को बड़ा संबल देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब तक आखिरी पीड़ित किसान को सहायता राशि नहीं मिल जाती, हमारी सरकार चैन से नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि किसानों के चेहरों की मुस्कान ही हमारी असली दीपावली जैसी है। किसानों की मेहनत और जज्बा फिर से उनके खेतों को जीवन और समृद्धि से भर देगा।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में किसानों को प्राकृतिक आपदा और कीट प्रकोप से हुई फसल क्षति की राहत राशि वितरण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के विभिन्न



जिलों में बीते माहों में हुई अतिवृष्टि-बाढ़ और सोयाबीन में पीला मोजेक रोग से हुए फसल नुकसान के लिए 13 प्रभावित जिलों के 8 लाख 84 हजार 772 किसानों को 653.34 करोड़ की राहत राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इसमें अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई फसल क्षति से प्रभावित 3 लाख 90 हजार 167 किसानों को 331.34 करोड़ रूपये एवं पीला मोजेक/कीट व्याधि से हुई फसल क्षति से प्रभावित 4 लाख 94 हजार 605 किसानों को 322 करोड़ रुपये की राहत राशि शामिल है।

**खोई मुस्कान लौटाना हमारी पहली प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी पीड़ित किसान भाईयों को राहत राशि देने और फसल सर्वे के कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। किसानों के चेहरे की खोई मुस्कान लौटाना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 4 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से 6 लाख 69 हजार से अधिक धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया है। सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भी भावान्तर योजना शुरू की गई है। फसल के विक्रय मूल्य और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अन्तर की राशि सरकार सीधे किसानों को देगी। हम किसानों का कोई नुकसान नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों भाईयों के दुख-दर्द में हम आपके सेवक बनकर खड़े हैं। किसानों के माथे का पसीना बेकार नहीं जाएगा, आपकी मेहनत फिर से हरियाली का रूप लेकर प्रदेश को समृद्ध करेगी, हम सदैव आपके साथ हैं। राज्य सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है और उनके सुख-दुःख में सहभागी है। हम प्रदेश के किसी भी किसान को आपदा में अकेला नहीं छोड़ेंगे।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में अब तक विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को विभिन्न मदों में कुल 229 करोड़ 45 लाख रुपये की सहायता राशि दी जा चुकी है। गत माह 6 सितंबर को ही फसल क्षति के लिए 11 जिलों के 17 हजार से अधिक किसानों को 20 करोड़ से अधिक की राहत राशि दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार राज्य सरकार द्वारा सोयाबीन में पीले मोजेक रोग से फसल प्रभावित किसानों को राहत राशि दी जा रही है।



### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के परिपेक्ष में वृद्धजन स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारंभ

**केवलारी-** सर्व विदित है अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस जो हर साल 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 1990 में इसे मनाने की घोषणा की थी,इसी ध्येय को लेकर बारिष्ठ नागरिकों की जांच का कार्यक्रम सिविल हॉस्पिटल में दिनांक 4 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे ए के लाकरा खंड चिकित्सा अधिकारी, श्रीमति जी लाकरा महिला सर्जन एवं समस्त डॉक्टरो स्टाफ नर्सो , कर्मचारीयों की उपस्तिथि में भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग की मंशा अनुरूप सीनियर सिटीजन स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाओं ओर पुरुषो जिंहोने 60 + कर लिया उनका वीपी, सुगर,आंखों की जांच, कानो की जांच सहित अन्य जांच की गयी ।

### भक्तिमय माहौल में निकला माता का विसर्जन जुलूस

**घंसौर** / विजयादशमी के अवसर पर शुक्रवार को अन्नपूर्णा दुर्गा उत्सव समिति सेंटर पॉइंट घंसौर का भव्य जुलूस निकाला गया। जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकल गया इस दौरान नगर देवी मां के जयकारों से गूंज उठा। भारी संख्या में युवा और श्रद्धालु जुलूस में शामिल हुए, जिन्होंने मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की, जहां आरती और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह मां दुर्गा का स्वागत किया, और महिलाओं ने घरों से निकलकर आरती उतारी व प्रसाद ग्रहण किया।

## कल अंतिम दिन, सांसद और एडीएम ने दिया भरोसा

# छात्राओं का प्रदर्शन : सरकारी कॉलेज आवंटन की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट में शनिवार को नर्सिंग छात्राओं ने एक बार फिर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकारी कॉलेज आवंटन की मांग करते हुए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारे का हवाला दिया। छात्राओं का आरोप है कि सरकार उन्हें निजी कॉलेजों में धकेलकर शासकीय कॉलेजों में पढ़ने से वंचित कर रही है।

छात्राओं ने बताया कि बालाघाट जिले में लिंगानुपात बेहतर होने और अच्छे अंक लाने के बावजूद, बड़ी संख्या में उनका शासकीय कॉलेजों में चयन नहीं हो पा रहा है। यह पिछले तीन दिनों में छात्राओं का दूसरा बड़ा आंदोलन था, जो हनुमान चौक से शुरू हुआ।

प्रदर्शनकारी छात्राओं ने सांसद भारती पारधी से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। सांसद ने छात्राओं की मांगों को जायज ठहराते हुए सरकार और संबंधित विभाग से चर्चा कर समाधान का आश्वासन दिया।

सांसद से मिलने के बाद छात्राएं कलेक्ट्रेट गेट पहुंचीं और कार्यालय आ रहे एडीएम जीएस धुर्वे और जनसंपर्क अधिकारी अनिल पटले के वाहन को रोका। एडीएम धुर्वे ने छात्राओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने बताया कि यह मामला शासन स्तर का है।

छात्राओं की मुख्य चिंता 6 अक्टूबर को चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि है। उनका कहना है कि यदि सभी 22 कॉलेजों को शनिवार को ही चॉइस फिलिंग में आवंटित किया जाता है, तो उनका भविष्य बच जाएगा। एडीएम ने इस मामले को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

छात्रा अंजलि किरार ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं है कि वे निजी कॉलेजों की अधिक फीस वहन कर सकें। हम केवल पढ़ाना चाहते हैं और सरकार से मांग करते हैं कि हम चाहते है कि सभी 22 कॉलेज को साइट पर डाला जाए, ताकि चयनित छात्राएं, वहां प्रवेश ले सके।

छात्राओं ने बताया कि अच्छे अंको से पास होने के बाद भी उनका सिलेक्शन नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री जी 6 अक्टूबर का दिन, छात्राओं के लिए ब्लैक-डे ना बनने दे।

## नपाध्यक्ष ने की प्रेसवार्ता, विधायक के आरोपों पर भी भारती ठाकुर ने दिया करारा जवाब

# अनर्गल आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा विपक्ष - नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने कांग्रेस पार्षदों के अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन को 'पब्लिसिटी स्टंट' बताया है। उन्होंने विकास कार्यों में अनदेखी, भेदभाव और तानाशाही के विपक्षी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया है।

विपक्षी कांग्रेस 3 अक्टूबर से नगर पालिका के सामने अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन कर रही है। कांग्रेस पार्षदों और विधायक अनुभा मुंजारे ने नपाध्यक्ष पर शहर के विकास कार्यों में मनमानी, भेदभाव और तानाशाही का आरोप लगाया है।

नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने कहा कि प्रस्ताव क्रमांक 11 के विकास कार्यों को लेकर लगाए गए आरोप निराधार हैं। उन्होंने बताया कि परिषद में प्रस्ताव क्रमांक 11 शहर के सभी 33 वार्डों में काम करने के उद्देश्य से लाया गया था। सभी पार्षदों से विचार-विमर्श के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसका बजट साढ़े चार करोड़ रुपये था।

उन्होंने आगे बताया कि पार्षद एक साथ टीएस (तकनीकी स्वीकृति) कराने पर सहमत नहीं थे, वे अलग-अलग टीएस चाहते थे, जिसमें अधिक समय लगता। सीएमओ ने सभी पार्षदों को सूचित किया था कि टीएस के लिए फाइल ऑनलाइन भेजी गई है। अब यह तय किया गया है कि अलग-अलग टीएस नहीं कराए जाएंगे। शरद पूर्णिमा के बाद टीएस होकर निविदाएं जारी कर दी जाएंगी।

नपाध्यक्ष ने दावा किया कि निकाय निधि से सर्वाधिक कार्य उनके कार्यकाल में हुए हैं। उन्होंने विधायक अनुभा मुंजारे पर विधायक निधि से शहरी क्षेत्रों के वार्डों में काम कराने में भेदभाव का आरोप भी लगाया। भारती ठाकुर ने कहा कि वे सभी वार्डों के प्रति समान दृष्टि रखती हैं और विपक्ष का यह आंदोलन केवल सुर्खियों में आने का एक तरीका है।

## अस्पताल प्रबंधन ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए हुए सकंल्पित, ली शपथ



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

शासकीय अस्पताल खैरलांजी में 2 अक्टूबर को स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा की गतिविधियां संपादित कि गई एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती अस्पताल प्रबंधन के द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के. पी. नागेंद्र पाल एंव डा. श्रीमती प्रियंका पाल के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी के छायाचित्र के समक्ष दिप प्रज्वलित किया गया एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान स्वास्थ विभाग के पदाधिकारीयो के द्वारा महापुरुषो के विचारो को स्मरण किया गया एंव साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शपथ लेकर स्वच्छता बनाए रखने के लिए संकल्पित होते हुए स्वच्छता बनाए रखने के लिए सब से अपील की गई। इस अवसर पर स्वस्थ विभाग के पदाधिकारी सहित विभागी अमला मौजूद रहा।

## तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने विद्युत पोल को मारी टक्कर

**कटंगी।** कटंगी-छतेरा मुख्य सड़क मार्ग पर नरेन्द्र ठाकरे के घर के सामने एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने विद्युत पोल को जबरदस्त टक्कर मार दी और फिर दो घरों के बीच की गली में जाकर घूस गया. गनीमत की बात यह रही कि इस हादसे में एक शख्स की बाल-बाल जान बच गई. हादसा शनिवार की दोपहर 1 बजकर 45 मिनट के आस-पास हुआ है. सड़क हादसे की सूचना मिलते ही डॉयल 112 घटनास्थल पर पहुंची. वहीं स्थानीय रहवासियों ने बिजली विभाग को हादसे की सूचना दी. बिजली विभाग ने तुरंत ही बिजली आपूर्ति को बंद की ताकि किसी भी प्रकार की घटना ना हो. वहीं मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य करने की तैयारी में है. मिली जानकारी अनुसार कटंगी की तरफ एक एक ट्रैक्टर लोहे का कुछ सामान लेकर नंदलेसरा ओपन कैप की तरफ जा रहा था. नरेन्द्र ठाकरे के घर के सामने चालक का ट्रैक्टर से नियंत्रण हट गया. जिससे ट्रैक्टर सीधे बिजली के पोल से जाकर टकरा गया. सड़क हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया है।

## 'या गौस अल मदद' के नारे गूंजे

## 11वीं शरीफ पर निकला जुलूस-ए-गौसिया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में शुक्रवार देर रात 11वीं शरीफ के अवसर पर जुलूस-ए-गौसिया निकाला गया। यह जुलूस इमाम हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी सरकार गौस-ए-पाक के पैदाइशी माह मुबारक के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। जामा मस्जिद चौक में इमाम की ओर से परचम कुशाई की गई।

इसके बाद 'सलातो सलाम' और 'या गौस अल मदद' के नारों के साथ जुलूस ने नगर के विभिन्न मार्गों से गश्त किया। जुलूस वापस जामा मस्जिद चौक पहुंचा, जहां दरूद सलाम का आयोजन किया गया। इस दौरान देश में अमन-चैन, शांति और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गई।

कार्यक्रम के समापन पर सभी धर्मावलंबियों को प्रसाद वितरित किया गया। जुलूस-ए-गौसिया का जगह-जगह स्वागत किया गया। लोगों ने मिठाइयां, हलवा, खीर और छुआरे जैसी सामग्री वितरित कर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी।

ग्यारहवीं शरीफ का महीना रबीउस्सानी का महीना होता है, जिसे गौसे आजम का महीना भी कहा जाता है। इसमें चांद दिखने के साथ ही मस्जिदों में मिलाद का दौर शुरू हो जाता है। जगह-जगह नियाज-ए-गौसिया का आयोजन होता है। मुस्लिम समाज हर साल उर्दू चांद की 11 तारीख को जुलूस-ए-मोहम्मदी की तर्ज पर जुलूस-ए-गौसिया का आयोजन करता है।

## झाड़ियों में संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला महिला का शव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**थाना परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम कुंमनगांव के झाडियों में एक 30 वर्षीय विवाहित महिला का शव मिलने से समूचे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। पुलिस ने शव की पहचान लेखबती यादव पति राजकुमार यादव उम्र 30 वर्ष निवासी कुमानगांव के रुप में की है ।**

घटना की सूचना ग्राम के कोतवाल संतोष दास ने शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे परसवाड़ा पुलिस को दी। उन्होंने पुलिस को बताया की एक महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में झाड़ियों के पीछे पड़ी हुई है। सूचना पर परसवाड़ा पुलिस के नगर निरीक्षक मदन इवने हमराह टीम के साथ मौके पर पहुंची। जहां पर पहले तो घटना स्थल को सील कर दिया गया। वहीं एफ एस एल की डॉग स्काव्ड की टीम भी मौके पर पहुंची। जिसके पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा लाया गया ।

मृतिका की 13 वर्षीय सुपुत्री रुची यादव ने बताया कि उसके पिता राजकुमार यादव मजदूरी करने के लिए नागपुर शहर गए हुए हैं, घर पर वे अपनी मां और छोटे भाई के साथ रह रहे थे । उसने बताया की शाम को शाम 6 बजे उसकी मां बिना बताए किसी के साथ गई थी, जिसके पश्चात रात भर वह घर नहीं पहुंची। रुची ने बताया की सुबह उसे मोहल्ले के किसी लड़के ने बताया कि झाड़ियों के पीछे किसी का शव पड़ा मिला है । जिसके पश्चात उसे जानकारी मिली।

बताया जा रहा है कि मृतिका लेखबत्ती यादव का मकान गांव के एक छोर पर हैं जहां से करीब 300 मीटर की दूरी पर ही पलास के पेड़ो की झाड़ियों में पुलिस ने महिला का शव बरामद किया हैं। बताया जा रहा है कि महिला ने नीले रंग की साड़ी पहनी हुई थी। जिसका डुप्ट्टा महिला के गले में पीछे की ओर से बंधा हुआ पाया गया है। फिलहाल पुलिस ने हर पहलू पर बारिकी से जांच शुरू कर दी है। नगर निरीक्षक मदन इवने का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के पश्चात स्पष्ट कुछ कहा जा सकता है।

## दुर्गा विसर्जन के दौरान विवाद, 6 से ज्यादा घायल

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के मलाजखंड मोहगांव में दुर्गा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में हुए विवाद में 6 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह घटना बीते शुक्रवार की देर शाम की है। घायलों में से एक युवक अमन महानंद को बेहतर इलाज के लिए नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अन्य घायलों में अजय दास भासन, अनिकेत भासन और अभिषेक परवार शामिल हैं, जिनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। विवाद पटाखों को फोड़ने को लेकर गहराया, जिसके बाद मारपीट हुई। घायल अजयदास भासन की पत्नी सुनीता भासन ने बताया कि वे गांव के अन्य ग्रामीणों के साथ दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन के लिए मंडई रोड स्थित बंजारी नदी ले जा रहे थे। इसी दौरान मोहगांव में टांडिया परिवार के आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने तलवार, लोहे के पाइप, रॉड और क्रिकेट स्टंप से उनके पति, भांजों और बच्चों के साथ मारपीट की।

## कमिश्नर-कलेक्टर कांफ्रेंस 7 और 8 अक्टूबर को, कॉन्फ्रेंस के दिशा निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 7 एवं 8 अक्टूबर 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने वाली कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस संबंधी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। विषय संयोजक को प्रस्तुति के लिए अधिकतम 20 मिनट मिलेंगे और प्रत्येक क्षेत्र में राज्य सरकार की प्राथमिकताएं बतायी जायेंगी। राज्य सरकार के विजन के अनुरूप केन्द्र और राज्य सरकार की क्षेत्रीय प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ 5 और कमजोर 5 जिलों की समीक्षा की जायेगी। कांन्फ्रेंस में कलेक्टरों के सुझावों पर ध्यान केन्द्रित कर आने वाली विशिष्ट समस्याएं और मुद्दे तथा जिला स्तर पर उस क्षेत्र के साथ अन्य किसी क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए नवाचार पर चर्चा की जायेगी।

मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय और योजना विभाग चुनिंदा कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और नवाचार तथा जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर सार्वजनिक संवाद (जन संवाद) वीसी के माध्यम से इच्छित परिणाम प्राप्ति पर चर्चा होगी। जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर रोजगार सृजन, लोगों के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच और पहलों के बारे में जागरूकता पर चर्चा होगी। सभी 8 सेक्टरों के लिए 75 मिनट का सत्र समय रखा गया है।

कांफ्रेंस का उदघाटन सत्र 7 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से 10:30 बजे तक सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा परिचय, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन के संबोधन से होगा। सत्र में संयोजक कृषि उत्पादन आयुक्त, सदस्य कृषि/बागवानी/पशु चिकित्सा/सहकारी द्वारा कलेक्टर्स के बीच कृषि एवं संबद्ध विषयों पर चर्चा की जायेगी। दूसरे सत्र में प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य सदस्य सचिव डब्ल्यूपीसी, निदेशक एनएचएम कलेक्टर्स के बीच स्वास्थ्य एवं पोषण पर चर्चा केन्द्रित होगी। तीसरे सत्र में प्रमुख सचिव उद्योग, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, वित्त विभाग द्वारा कलेक्टर्स के बीच रोजगार, उद्योग और निवेश चर्चा पर रहेगा। चौथे सत्र में संयोजक अपर मुख्य सचिव-शहरी द्वारा शहरी विषयों पर चर्चा होगी और पांचवे सत्र के दौरान संयोजक अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन, अपर मुख्य सचिव वित्त/ प्रमुख सचिव राजस्व/विधि द्वारा सुशासन पर चर्चा होगी।

कॉन्फ्रेंस में 8 अक्टूबर की गतिविधियों के अंतर्गत सुबह 9:30 से 10:15 बजे तक मुख्य सचिव अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, आयुक्त जनसंपर्क द्वारा अपेक्षाओं के साथ विविध चर्चाएँ की जायेंगी। कॉन्फ्रेंस के छठवें सत्र में संयोजक प्रमुख सचिव-स्कूल शिक्षा, प्रमुख सचिव जनजाति कार्य चर्चा करेंगे। सातवें सत्र में प्रमुख सचिव पीएचई/प्रमुख सचिव जनजाति कलेक्टर्स के बीच रिसर्च और विकास एवं जनजातीय गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। आठवें सत्र में नियम और कानून पर चर्चा होगी।

## ट्रेन के सामने आया शख्स, 15 मिनट तक खड़ी रही



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट-वारासिवनी ट्रैक पर शनिवार शाम करीब साढ़े 3 बजे एक शख्स चलती पैसेंजर ट्रेन के सामने आ गया। इससे ट्रेन वैनगंगा नदी के रेलवे पुल पर 15 मिनट तक खड़ी रही। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें लोको पायलट संबंधित शख्स को ट्रैक से हटने के लिए कह रहा है, लेकिन शराबी सुन नहीं रहा। इस घटनाक्रम के बाद ट्रेन 3 बजकर 45 मिनट पर रवाना हुई।

वीडियो में दावा किया गया कि जिस शख्स के कारण ट्रेन रोकनी पड़ी, वह शराब के नशे में था। वह अचानक ट्रेन के सामने आ गया, जिसके चलते लोको पायलट को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े। यह घटना वैनगंगा नदी में दुर्गा विसर्जन के दौरान हुई, जहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया।

जानकारी के अनुसार, ट्रेन रोकने वाले शख्स ने ट्रैक पर काफी देर तक हंगामा किया। इसके बाद पैसेंजर ट्रेन से कुछ यात्रियों ने उतरकर उस व्यक्ति को ट्रैक से हटाया। तब जाकर ट्रेन आगे बढ़ सकी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि लोको पायलट समय पर ट्रेन नहीं रोकते तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## खेतों में नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित, उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नरवाई अर्थात फसलों के अवशेष खेतों में जलाने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के साथ ही किसानों एवं खेती के लिए उपयोगी कीट नष्ट हो जाते है। इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण बालाघाट जिले में खरीफ-2025 की धान की फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसका उल्लंघन करने वाले किसानों पर जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने पर 2,500 से 15 हजार रुपये तक का अर्थदण्ड अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा लगाया जाएगा। नरवाई जलाने से आगजनी की घटनाओं के कारण जन-धन की हानि, वातावरण का तापमान बढ़ना, पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति व लाभकारी सूक्ष्म जीवों का नष्ट होना जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पवन्न होती हैं। साथ ही खेत की जलधारण क्षमता भी प्रभावित होती है। कृषकों से अपील की गई है कि वे नरवाई जलाने के स्थान पर सुपरसीडर, हैप्पीसीडर, स्मार्टसीडर और रोटावेटर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करें। इससे खेत में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ेगी, भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी और अगली फसल की उत्पादकता पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

## प्रथम पुरस्कार नंदकिशोर व द्वितीय पुरस्कार सोनू को मिला

## बस स्टैंड दुर्गा उत्सव समिति का इनामी कूपन ड्रा खोला गया

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नवरात्रि पर्व के दौरान विभिन्न दुर्गा समितियों द्वारा इनामी कूपन उपहार योजना रखी गई थी। जिसके कारण माता रानी के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी को चढ़ावा चढ़ाने के साथ ही इनामी कूपन भी खरीदे जाते रहे। इसी कड़ी में बस स्टैंड स्थित मॉ वैष्णवी देवी नवरात्र दुर्गा उत्सव बस एजेन्ट समिति द्वारा भी इनामी कूपन उपहार योजना रखी गई थी। जिसका ड्रा शनिवार को दुर्गा पंडाल में निकाला गया।

इस मौके पर समिति अध्यक्ष बंटी सोनवाने, भूतपूर्व सरपंच लोकचंद ठाकरे, वरिष्ठ पत्रकार आनंद वर्मा, नगर भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष दीप चौहान, कोष्टी समाज अध्यक्ष मनीष हेड़ाऊ, अनिल लिल्हारे, अरविंद पातरे, आशीष राठौर, देवी कारसर्पे, बिज्जू नेवारे, राजा फुंदने, पुन्नू झारिया, पूनाराम तेली, सुनील कटरे, सुनील गौर, दीपक बिसेन सहित समिति के अन्य सदस्य व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

इनामी कूपन उपहार योजना का ड्रा माता रानी के पंडाल के सामने मातारानी की उपस्थिति में निकाला गया। जिसमें उपहार योजना के कूपन को एक बक्से में रखा गया था और नन्ही बालिकाओं व नन्हें बालक के हस्ते कूपन निकलवाया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 30 ग्राम चॉदी का सिक्का नंदकिशोर दमाहे मेंडक्की कंडक्टर



अमृत बस, द्वितीय पुरस्कार 20 ग्राम चॉदी का सिक्का सोनू कंडक्टर शीतल बस व तृतीय पुरस्कार 10 ग्राम चॉदी का सिक्का रुद्रेश स्टेशनरी के संचालक को मिला। उपहार योजना का ड्रा खुलने के बाद प्रथम इनाम जीतने वाले नंदकिशोर दमाहे व तृतीय इनाम जीतने वाले रुद्रेश स्टेशनरी के संचालक को समिति अध्यक्ष बंटी सोनवाने, अतिथियों व सदस्यों द्वारा इनाम का वितरण किया गया। नवरात्रि पर्व के दौरान 9 दिनों तक मातारानी की सेवा करने के फलस्वरुप दुर्गा उत्सव समिति द्वारा माता की भक्त शकुन देवी को साड़ी प्रदान कर सम्मानित किया गया। उसके बाद माता रानी की प्रतिमा को विसर्जन के निकाला गया। जिसमें ढोल की थाप पर समिति के सदस्यों ने रंग गुलाल खेलते हुए जमकर नृत्य किया। मातारानी की प्रतिमा को संपूर्ण नगर का भ्रमण कराने के बाद बड़ी नहर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर विसर्जित किया गया।

## चोरियों की घटनाओं पर लगाम लगाने में वारासिवनी पुलिस हो रही असफल

# सेवानिवृत्त बिजली कर्मी के निवास से दिनदहाड़े 5 लाख रुपए के जेवरात व नगदी चोरी

### पुत्र ने पुलिस पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी थाना क्षेत्र में पिछले एक पखवाडे से चोरियों की घटनाओं में लगातार वृद्धि होती जा रही हैं। चोरी की इन वारदातों को सुलझाने में अभी तक वारासिवनी का पुलिस अमला कामयाब नहीं हो पाया हैं। चोर दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

ऐसी एक और वारदात बुधवार की शाम को वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर एक हिमाचल नगर निवासी सेवानिवृत्त बिजली कर्मी विनायकराव सोनी के घर में घटी। जब वह अपनी पत्नी सिंधु के साथ शाम लगभग 6 बजे अमृत नगर के देवी मंदिर में भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए गए हुए थे। जब वह महाप्रसाद ग्रहण कर लगभग 7 बजे अपने घर वापस लौटे, तो अज्ञात चोरों ने घर से लाखों रूपए के गहने और हजारों रूपए चोरी कर लिया था। इस घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने में लिखाने पर एसडीओपी अभिषेक चौधरी व पुलिसकर्मी ने डॉग स्काड की टीम के साथ उनके घर पहुॅचे और स्थल का निरीक्षण किया।



### लगभग 5 लाख रूपये की हुई चोरी -विनायकराव सोनी

पीड़ित श्री सोनी ने बताया कि बुधवार की शाम को वह अपनी पत्नी सिंधु के साथ नगर के अमृत नगर माता मंदिर में भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण करने गए हुए थे। जब वापस घर आये, तो सामने के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। उन्होंने जब अंदर जाकर देखा, तो तीनो आलमारी का सारा सामान बिखरा हुआ था, आलमारी में रखे सोने के झुमके कीमत लगभग एक लाख बीस हजार रूपये, सोने का मंगलसूत्र कीमत एक लाख पचास हजार रूपये, सोने का लॉकेट के साथ ही चांदी के झाले और नगद रूपए चोरी हो गए थे।

### शुक्रवार की शाम तक नहीं पहुॅची एफएसएल की टीम, पीड़ित परिवार हो रहा परेशान

इस पूरे मामले में पुलिस विभाग की लापरवाही भी दृष्टिगोचर हो रही हैं। पीड़ित श्री सोनी के पुत्र नवनीत सोनी ने बताया कि बुधवार की शाम को चोरी होने के बाद जॉच पड़ताल करने के लिए घर में पहुॅचे हुए पुलिस अधिकारियों ने सामानों को हाथ लगाने और उठाने से मना कर दिया था और कहॉ था कि एफएसएलए की टीम आयेगी, जो घटनास्थल से चोरों के चिन्ह एकत्रित करने का प्रयास करेगी। लेकिन शुक्रवार की शाम तक कोई भी पुलिस टीम या एफएसएलए की टीम कार्यवाही करने के लिए नहीं पहुॅची, जिससे अभी भी पूरा सामान घर में बिखरा पड़ा हुआ हैं।

उन्होंने बताया कि घर में उनके वयोवृद्ध माता-पिता और एक तीन साल की बच्ची ही रहती हैं। चोरों ने जिस प्रकार घर के दरवाजे, आलमारी के ताले तोड़े है, उससे ऐसा लगता हैं कि वह सभी हथियारों से लैस होगे। ऐसे में यदि कहीं उनके माता-पिता व बच्ची घर में होते, तो वह चोरी के लिए उन पर हमला कर उनके प्राण भी ले सकते थे। ऐसी स्थिति में पुलिस विभाग द्वारा बरती जा रही लापरवाही चिंताजनक हैं।